भाजपा सरकार ने यूपी की परिस्थितियों का अध्ययन कर औद्योगिक नीति बनाई

# निवेश नहीं करने पर अड़े लोग आने लगे: महाना

राज्य मुख्यालय | **विशेष संवाददाता**

**70** फीसदी काम बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का हो गया है

**93** फीसदी भूमि अधिग्रहण गंगा एक्सप्रेस वे का हुआ

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने बुधवार को कहा कि जो लोग कसम खाए बैठे थे कि यूपी में नहीं आएंगे वे अब यूपी में निवेश कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ी मेहनत से देश में प्रदेश को लेकर व्याप्त छवि और अवधारणा को बदल दिया है। हमने औद्योगिक विकास की नींव रखी और उद्योगों के साथ ही श्रमिकों का भी पूरा ख्याल रखा। प्रधानमंत्री से समय लेकर जल्द ही पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का उद्घाटन किया जाएगा।

महाना प्रदेश सरकार के साढ़े चार साल पूरे होने पर विभाग की उपलब्धियों पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के एक साल से भी कम समय में इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया। अब स्थिति यह है कि विभाग के पास 10 प्लाट के लिए 100 आवेदन हैं। औद्योगिक विकास विभाग ने खरीददारों को 25 फीसदी की सब्सिडी के साथ सबसे सस्ती जमीन देने का प्रबंध किया है।

**4.28 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए:** श्री महाना ने कहा कि ज्यादातर एमओयू अब जमीन पर लागू हो गए हैं। अब पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पूरी तरह तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समय मिलते ही जल्द इसका शुभारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को 70 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। गंगा एक्सप्रेस वे के लिए 93 फीसदी लैंड अधिग्रहण कर लिया गया है। देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे नेटवर्क यूपी में हैं। इन्वेस्टर्स समिट में 4.28 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए थे।



औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने विभागीय उपलब्धियों की जानकारी दी।

## श्रमिकों का रखा ख्याल

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इंडस्ट्री लगने में ध्यान दे रही है कि लेबर को 25 किलोमीटर के अंदर ही काम मिले। इंडस्ट्री में काम करने वाले चाहे श्रमिक हों या मैनेजर सबकी सहूलियतों का ध्यान रखा जा रहा है। एक बड़ा निर्णय लिया कि हम जिसको इंडस्ट्री लगाने के एमओयू कर रहे हैं। अब बिना योजना के कोई घोषणा नहीं की जाती।

## नोएडा भूखंड आवंटन में भ्रष्टाचार खत्म किया

उन्होंने कहा कि अब राज्य में ऑक्सीजन प्लांट लगाने के सभी प्रस्तावों को 15 दिन में अनुमति दी जाती है। सरकार ने भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए नोएडा में प्लॉट के लिए नए नियम बनाए। चीन से सैमसंग की डिस्प्ले यूनिट यूपी में आकर लगी। इंडस्ट्रियल प्लॉट लेने वालों को अब 5 साल के अंदर लगाना होगा। नोएडा में 886 भूखंडों को आवंटित किया गया। कई बड़ी कंपनियों को प्लाट दिए जा चुके हैं। इसमें आइकिया इंडस्ट्री को प्लाट मिल चुका है। पहले सिर्फ कागज पर जमीन बिक जाती थी।